विश्वास | By Raajesh Dhingra

विश्वास करो मेरे बाबा पे
विश्वास कभी ना हारा है
जो हारके आया दर इसके
उसको भी इसने उबारा है

यहाँ हर कोई है संकट में
हर कोई वक़्त का मारा है
हर कोई वक़्त का मारा है .....
विश्वास करो मेरे बाबा पे
विश्वास कभी ना हारा है

हर मन का एक मनोरथ है
कहीं चिंता है कहीं चिंतन है
कहीं चिंता है कहीं चिंतन है ......
कोई सुलझा है कोई उलझा है
कहीं आनंद की पौबारा है
विश्वास करो मेरे बाबा पे
विश्वास कभी ना हारा है

कहीं फूल मिले कहीं भार मिले
कहीं धन दौलत बेशुमार मिले
कहीं धन दौलत बेशुमार मिले ......
जीवन एक अजब पहेली है
सुलझाने में हर कोई हारा है
विश्वास करो मेरे बाबा पे
विश्वास कभी ना हारा है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b8-by-raajesh-dhingra/